हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 27 मई 2026

तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

14 बिजली कटौती और लाइट गुल से लोग परेशान, कांग्रेस ने घेरा विद्युत आफिस



16 कभी बूंद-बूंद को तरसता था मरकापाल, अब जल संरक्षण की लिख रहा नई इबारत





## खबर संक्षेप

### शहर के कुछ वार्डों में पेयजल सप्लाई रहेगी आज बंद

**जगदलपुर।** नगरपालिक निगम की जलप्रदाय शाखा अंतर्गत पावर हाउस स्थित फिल्टर प्लांट में सेटलिंग टैंक की सफाई कार्य किया जा रहा है। इस कारण बुधवार को दोपहर के समय शहर के कुछ वार्डों में पेयजल सप्लाई बंद रहेगी। जिन वार्डों में पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी उनमें प्रवीर, विजय, शिव मंदिर, भैरमदेव, वीर सावरकर , प्रतापदेव एवं बालाजी वार्ड शामिल हैं। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि आवश्यकतानुसार जल संग्रहण कर रखें ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### अग्निवीर के लिए दशरथ और संजय का हुआ चयन

**दंतेवाड़ा।** गामावाड़ा निवासी दशरथ भास्कर तथा गुटोली निवासी संजय कड़की का चयन अग्निवीर भर्ती में हुआ है। चयनित युवाओं ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार, प्रशिक्षकों और जिला प्रशासन को दिया। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं से बेहतर तैयारी करने में मदद मिली। प्रशासन ने कहा कि युवाओं को रोजगार और राष्ट्र सेवा से जोड़ने के लिए इस प्रकार के प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। अग्निवीर भर्ती में मिली। इस सफलता से जिले के अन्य युवाओं में भी नया उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के युवा अब सेना भर्ती के प्रति जागरूक हो रहे हैं और बड़ी संख्या में प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं।

### बाढ़ से बचाव के लिए सभी तहसील में होंगे कंट्रोल रूम




**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में मानसून के संदर्भ में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के कार्ययोजना के संबंध में जानकारी दी गई। अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थिति में निगरानी रखने एवं बचाव तथा राहत कार्य के लिये जिला तथा सभी तहसील मुख्यालय में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना किए जाने, स्थापित कंट्रोल रूम में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने, तहसील में हुई प्रतिदिन की वर्षा तथा अतिवृष्टि, बाढ़ से हुई क्षति की जानकारी जिला कंट्रोल रूम में देने, जिले की सभी वर्षा मापक केन्द्रों में वर्षा मापक यंत्रो की स्थापना करने के संबंध में समस्त तहसीलदार जिला कार्यालय, भू-अभिलेख शाखा को विशेष निर्देश दिए गए। वहीं मोटरबोट एवं गोताखोरों की व्यवस्था,पोर्टेबल डायविंग पंप एवं यू-हुक प्रणाली व्यवस्था, असुरक्षित पेड़ो की व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर ने कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा।

# दूरस्थ क्षेत्र में वाहन बंद होने से ईंधन की बढ़ी समस्या, किसान और ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

**कलेक्टर को ज्ञापन देकर ईंधन और खाद की सुचारू व्यवस्था करने की मांग**

किसान कांग्रेस अध्यक्ष दयाराम कश्यप व नगरनार ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया की अगुवाई में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की गई।

श्री कश्यप ने कहा कि जिले के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में बड़ी संख्या में किसान खेती-किसानी कार्यों के लिए ट्रैक्टर, मोटर पंप, जनरेटर एवं अन्य कृषि उपकरणों पर निर्भर हैं। कई बार खेतों अथवा जंगल से लगे क्षेत्रों में कार्य के दौरान ईंधन समाप्त हो जाता है या मशीनें दूरस्थ स्थानों पर खड़ी रहती हैं। ऐसी परिस्थितियों में किसानों को डिब्बों या कंटेनरों में पेट्रोल-डीजल लेकर ही मशीनों तक पहुंचाना पड़ता है। लेकिन वर्तमान में कई पेट्रोल पंप संचालकों ने डिब्बों एवं छोटे कंटेनरों में ईंधन देने से मना कर दिया है। इससे किसानों एवं ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसका सीधा असर खेती-किसानी के कार्यों पर पड़ रहा है और किसानों को आर्थिक तथा मानसिक कठिनाइयों से गुजरना पड़ रहा है। वहीं खरीफ एवं अन्य कृषि मौसम के दौरान यह समस्या अधिक गंभीर हो गई है।

**ईंधन न होने पर पेट्रोल पंप जा नहीं सकता वाहन :** दूरस्थ इलाकों में वाहनों को सीधे पेट्रोल पंप तक लाना हमेशा संभव नहीं होता। ऐसे में ईंधन उपलब्ध नहीं होने से कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं और किसानों की उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

#### किसान करेंगे आंदोलन

किसान कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी इस दौरान महादेव, गंगाराम, परमेश्वर, लोचन, बलिराम कश्यप, सुखराम बघेल, मधु, भगत नाग, गजेंद्र, रामधार, रूपेंद्र, रामचंद्र, मानसिंह, रामेश्वर, नीलकंठ, शंभू, सुखदेव, नीलू, छोटू नाग, सोमारु सहित अन्य मौजूद रहे।



#### लैम्प्स में खाद की कमी

सेठिया ने बताया लैम्प्स केंद्रों में खाद की कमी की समस्या है। किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं होने से खेती कार्य प्रभावित हो रहे हैं। किसानों में चिंता है कि उन्हें आवश्यक मात्रा में खाद समय पर मिलेगी या नहीं। जिला प्रशासन से मांग है कि जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को आवश्यक निर्देश जारी कर पहचान सत्यापन एवं सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए जरूरतमंद किसानों और ग्रामीणों को डिब्बों एवं कंटेनरों में पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही लैम्प्स केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने के लिए भी तत्काल कदम उठाए जाएं।

## कोड़ेनार थाना क्षेत्र के मावलीभाटा हाईवे में हुआ हादसा

# खड़ी टिप्पर से टकराई पिकअप दो की गई जान, चालक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- घायल को बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में कराया गया भर्ती

बीती रात राष्ट्रीय राजमार्ग 63 स्थित मावलीभाटा के करीब हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में भर्ती कराया गया है। कोड़ेनार टीआई अमित पदमशाली ने बताया घटना सोमवार रात लगभग 9 बजे की है। जगदलपुर से गीदम की ओर जा रही पिकअप क्रमांक सीजी 18 एच 1529 मावलीभाटा के करीब अंधेरे में खड़ी टिप्पर क्रमांक सीजी 04 एनएस 1107 से टकरा गई। इस हादसे में टिप्पर में सवार मनोहर पोयाम 47 वर्ष निवासी बड़े किलेपाल व ग्राम बरछेपाल निवासी कुम्मा कुहरामी 32 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंची कोड़ेनार पुलिस ने घायल पिकअप का चालक जो हादसे में गंभीर रूप से घायल हो था उसे तत्काल डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया जहां उसका उपचार जारी है। मामले में टिप्पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।



#### टिप्पर चालक फरार, पुलिस कर रही तलाश

निरीक्षक अमित पद्मशाली ने बताया कि टिपपर चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक हाईवे में वाहन को खड़ा किया गया था जो घटना के बाद से ही फरार हो गया था उसकी तलाश की जा रही है। दोनों वाहनों को जब्त कर थाने लाया गया है। वहीं दोनों मृतकों के शवों को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

#### बाजार से लौट रहे थे तभी हुआ हादसा

बताया जा रहा है कि पिकअप में सवार होकर तीन लोग एरंडवाल बाजार से लौट रहे थे। इनमें दो की मौके पर मौत हो गई जबकि एक अन्य सवार को मामूल चोट आई थी। जबकि पिकअप का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पिकअप चालक मावलीभाटा हॉस्टल के सामने अंधेरे में खड़ी हाइवा देख नहीं पाया और वह हाइवा से जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे में हाइवा चालक की पूरी लापरवाही सामने आई है। हाइवा चालक ने वाहन को अंधेरे में खड़ी करने के बाद इंडिकेटर भी नहीं जलाया था जो हादसे का कारण बनी।

## नौतपा का असर: शहर में पारा 39 डिग्री पार आर्द्रता कम होने से 43 डिग्री जैसी झुलसा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- गर्म हवाओं से राहगीर हो रहे परेशान
- कारोबार भी दोपहर को हो रहा प्रभावित

शहर सहित आसपास के इलाकों में भीषण गर्मी और उमस ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। मंगलवार को शहर का अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में 34 प्रतिशत आर्द्रता होने के कारण लोगों को 43 डिग्री सेल्सियस जैसी झुलसाने वाली गर्मी का अहसास हुआ। नौतपा के प्रभाव के चलते सुबह 10 बजे से ही तेज धूप का असर दिखने लगा। दोपहर 12 से शाम 4 बजे के बीच मुख्य बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। लोग केवल जरूरी काम होने पर ही बाहर निकलते नजर आए। तेज धूप के साथ चल रही गर्म हवाओं ने राहगीरों को बेहाल कर दिया। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग गन्ने का रस, लस्सी और फलों के जूस के ठेलों पर दिखे। चिकित्सकों ने बढ़ते तापमान और हाई यूवी ▶▶| शेष पेज 14 पर



#### बढ़ सकता है तापमान

मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों तक गर्मी के तेवर ऐसे ही कड़े रहेंगे। तापमान 40 डिग्री तक पहुंचने की आशंका है। हालांकि, सप्ताह के अंत तक आंशिक रूप से बादल छाने और स्थानीय प्रभाव से हल्की बौछारें पड़ने की संभावना है, जिससे तापमान में मामूली गिरावट आ सकती है।

## हत्यारा को आजीवन कारावास व अर्थदंड

**जगदलपुर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश गोविंद नारायण जांगड़े की अदालत ने हत्या के मामले में अभियुक्त को धारा 302 भादवि के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने अभियुक्त पर 100 रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा नहीं करने पर उसे एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। लोक अभियोजक के अनुसार जैतगिरी गांव के आवासपारा क्षेत्र में 18 अप्रैल 2024 को प्रेम कश्यप ने राजेश कश्यप के सिर पर पत्थर से 2-3 बार हमला किया था। इसके अलावा उसके बाएं कान के पीछे, कंधे, बांह और गले के पास गंभीर चोट पहुंचाई गई थी, जिससे उसकी मौत हो गई। सुनवाई के दौरान अदालत ने पाया कि आरोपी ने हत्या करने के आशय और जानकारी के साथ वारदात को अंजाम दिया था।

## समय सीमा समाप्त होने के बाद भी आरओबी का निर्माण कार्य पूरा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- दुर्घटनाओं को रोकने के लिए केशलूर रेलवे क्रॉसिंग में हो रहा आरओबी का निर्माण

बस्तर संभाग के सुकमा रोड में केशलूर रेलवे क्रॉसिंग में आए दिन होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से आरओबी का निर्माण कार्य किया जा रहा है। आरओबी का निर्माण कार्य जनवरी 2026 तक पूरा होना था, लेकिन ठेकेदार की मनमानी से अब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। ठेकेदार द्वारा अभी निर्माण कार्य किया जा रहा है पर विभाग से कार्य का एक्सटेंसन नहीं लिया है। बताया जा रहा है कि केशलूर के पास रेलवे क्रॉसिंग और इसके आसपास आए दिन छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की ओर से केशलूर के रेलवे क्रॉसिंग में 5 हेक्टेयर क्षेत्र में 100 करोड़ रुपए की लागत से 1900 मीटर



लंबा आरओबी और सड़क का निर्माण किया जा रहा है। हॉल ही में एनएच के एसडीओ ने इंजीनियर के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

#### ठेकेदार पर होगी कार्रवाई

लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग जगदलपुर संभाग के एसडीओ एके कुंजाम ने बताया कि समय सीमा समाप्त होने के बाद भी ठेकेदार ने निर्माण कार्य पूरा नहीं किया है। इस पर ठेकेदार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



## सट्टा-पट्टी के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, 35 हजार नकदी जब्त

**दंतेवाड़ा।** बचेली पुलिस को 25 मई को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जे.डी. किराना स्टोर्स के पीछे सुनसान स्थान पर एक व्यक्ति अवैध रूप से सट्टा-पट्टी लिखने का कार्य कर रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस और साइबर सेल टीम मौके पर पहुंचकर कार्यवाही की। जयदेव अग्रवाल 45 वर्ष, निवासी अंधेरी चौक बचेली पकड़ा गया। तलाशी लेने पर सट्टा-पट्टी लिखी हुई पर्चियां, तथा 35,175 रुपये बरामद किए गए। छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम की धारा 6 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी किरंदुल कमलजीत पाटले एवं सायबर सेल प्रभारी उप पुलिस अधीक्षक गौरव ▶▶| शेष पेज 14 पर

## बारिश से पूर्व शुरू होगा ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र, अब बस्तर में भी मिलेंगे स्मार्ट ड्राइवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 3.50 करोड़ की लागत से बना क्षेत्रीय ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र, कुछ उपकरण का इंतजार

सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए बस्तर जिले के कुरंदी में 3.50 करोड़ रूपए की लागत से क्षेत्रीय ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र आरडीटीसी स्थापित किया गया। केन्द्र में कुछ उपकरण के इंतजार में यह केन्द्र शुरू नहीं हो सका, बारिश से पूर्व ही उपकरण पहुंचते ही केंद्र शुरू किया जाएगा। इस केंद्र में आधुनिक और वैज्ञानिक तरीके से ड्राइवरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे स्मार्ट ड्राइवर बन सकेंगे और सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। वाहन चालकों को अच्छी ड्राइविंग



आदतें सिखाई जाएंगी और ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाएगा, साथ ही परिवहन क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी होंगे। सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना, अच्छी ड्राइविंग आदतें विकसित करना और ड्राइवरों के कौशल का परीक्षण किया जाएगा। ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और वैज्ञानिक बनाया जाएगा और चालकों को आरटीओ कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, केन्द्र में ही ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जाएगा।

#### आरटीओ ने ट्रैक में चलाया वाहन

आरटीओ ने निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र का ट्रैक में वाहन चलाकर देखा। इस ट्रैक में प्रशिक्षण ▶▶| शेष पेज 14 पर

## 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन

# शिविर में निखरती है खिलाड़ियों की प्रतिभा : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 13 खेलों में 586 खिलाड़ियों ने निखरी प्रतिभा

जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में 6 से 26 मई तक चले शिविर में जिलेभर के 586 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल विधाओं में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

शिविर के दौरान खिलाड़ियों को 13 खेल विधाओं में सुबह एवं शाम दो सत्रों में प्रशिक्षण दिया गया। इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में बैडमिंटन, शतरंज, लॉन टेनिस, बास्केटबॉल, कराते, जूडो, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग और एथलेटिक्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। वहीं धरमपुरा क्रीड़ा परिसर में आर्चरी एवं एथलेटिक्स, पंडरीपानी हॉकी



प्रशिक्षण केंद्र में हॉकी, पुलिस लाइन में वॉलीबॉल, सिटी ग्राउंड में फुटबॉल, शहीद पार्क के पीछे कर्मचारी भवन में कराते, घाटलोहंगा स्कूल में रग्बी तथा विद्या ज्योति स्कूल में जूडो का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान खिलाड़ियों में उत्साह, अनुशासन और खेल भावना का विशेष माहौल देखने को मिला। प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों को खेल तकनीक, फिटनेस, टीम भावना और प्रतियोगी खेलों की तैयारी से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सभापति बनवासी मौर्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, एमआईसी सदस्य संजय विश्वकर्मा, विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी, प्रशिक्षक, ▶▶| शेष पेज 14 पर

#### प्रशिक्षकों को मिला प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार

समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रत्येक खेल विधा से एक-एक बालक एवं बालिका खिलाड़ी को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। खेल अधिकारी सुशांत पॉल ने कहा कि शिविर का उद्देश्य खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और बच्चों को खेलों से जोड़ना है।



## खबर संक्षेप

### आपदा पीड़ित परिवारों को 8 लाख की आर्थिक सहायता

**बीजापुर।** कलेक्टर ने आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा से मृतकों के परिजनों को 8 लाख की आर्थिक सहायता की स्वीकृति दी है। सर्पदंश से मृत्यु में मृतक सोनू उरसा के पत्नी सोमली उरसा एवं मृतक राहुल मिच्चा के पिता शंकर मिच्चा के परिजनों को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश तहसीलदार को दिए गए है।

### एसबीआई इंश्योरेंस नामिनी को अदा करेगी बीमा क्षति दावा राशि 4 लाख




**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा मंगलवार को एक प्रकरण में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा आवेदक को मृत माता की बीमा क्षति दावा राशि 4 लाख रुपए एवं मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रुपए अदा करेगी। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा जारी किया गया। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी आवेदक पार्वती कौशिक की माता ने स्वयं के नाम पर एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से बीमा करवाया था। आवेदक की माता की बीमा अवधि के दौरान मृत्यु होने पर आवेदक द्वारा बतौर नामिनी आवश्यक दस्तावेज सहित बीमा कंपनी के समक्ष बीमा दावा प्रस्तुत किया गया था पर बीमा कंपनी द्वारा लंबे समय तक दावे का निराकरण नहीं किया गया था। साथ ही मृत्यु दुर्घटनात्मक न होने के कारण आवेदक का दावा निरस्त किया गया था, इससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने यह माना कि बीमा कंपनी यह प्रमाणित करने में असफल रही है कि आवेदक की माता की मृत्यु दुर्घटनात्मक न होकर प्राकृतिक थी। बीमाधारक द्वारा किसी भी प्रकार से बीमा शर्तों का उल्लघंन नहीं किया गया है।

### शराब का परिवहन करते एक युवक पकड़ा गया

**कांकेर।** अवैध रूप से शराब का परिवहन करने वाले युवक को चारामा पुलिस ने चिकन सेंटर के पास पकड़ा। आरोपी युवक के कब्जे से देशी प्लेन शराब को जप्त किया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 25 मई को आरोपी वार्ड क्रमांक 4 शीतलापारा चारामा निवासी 30 वर्षीय देवेंद्र सिंहा पिता स्व. रामजी सिंहा अपने मोटर सायकल के डिक्की में अवैध रूप से देशी प्लेन शराब लगभग 2.340 लीटर, जिसकी कीमत एक हजार चालीस रुपए को रखकर ले जा रहा था। शराब को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# बिजली कटौती और लाइट गुल से लोग परेशान, कांग्रेस ने घेरा विद्युत आफिस

**नारायणपुर।** जिले सहित नगर के सभी वार्डों मे लगातार बिजली गुल और कटौती से जनता परेशान है। जनता की परेशानियों को देखते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बिजली विभाग का घेराव कर जमकर नारेबाजी की गई। बेरिकेड्स के पास कांग्रेसियों व पुलिस में जमकर झूमाझटकी हुई। आंदोलनकारियों ने तहसीलदार को व्यवस्था सुधारने ज्ञापन दिया।

बिजली समस्या को लेकर कांग्रेसियों ने रैली निकाली। बिजली विभाग के रास्ते में आंदोलनकारियों को रोकन बेरिकेड्स लगाए गए। बेरिकेड्स के हटाने को लेकर पुलिस व कांग्रेसियों में जमकर झूमाझटकी हुई। पुलिस प्रशासन ने बिजली विभाग की बिल्डिंग को घेरा रखा था। जिला प्रशासन ने ज्ञापन लेने तहसीलदार को भेजा। नारेबाजी के बाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीवान और वरिष्ठ कांग्रेस नेता रजनू नेताम ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। बिजली कटौती और बार बार बिजली गुल समस्या को तत्काल दूर करने की मांग की।

**पुलिस व आंदोलनकारियों में हुई झूमाझटकी, तहसीलदार को ज्ञापन दिया, व्यवस्था सुधारने की मांग**



#### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम मे जिला अध्यक्ष राजेश दीवान पूर्व प्रदेश महामंत्री रजनू नेताम पूर्व प्रदेश सचिव देवनाथ उसेंडी शहर कांग्रेस अध्यक्ष रघु मानिकपुरी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंडी वड्डे, जिला महामंत्री संजय राय जिला कोषाध्यक्ष वी पी शुक्ला शहर कांग्रेस प्रभारी एवं महामंत्री रवि देवांगन नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष सुनीता मांझी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष वेदबती पात्र, पूर्व उपाध्यक्ष प्रमोद नैलवाल, जिला प्रवक्ता एवं महामंत्री अमित भद्र,गजा पटेल, शब्बीर बढ़गुजार छोटेडोंगर ब्लॉक अध्यक्ष महेश कश्यप, युवा कांग्रेस अध्यक्ष बोधन देवांगन, एन एस यू आई अध्यक्ष एवं पार्षद विजय सलाम, प्रदेश सचिव एन एस यू आई एवं पार्षद जयवट्टी, ओबीसी कांग्रेस जिलाध्यक्ष माधेश्वर जैन, पूर्व पार्षद राखी राणा समस्त मंडल अध्यक्ष एवं सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**जमीन दिलाई, पर अब बिजली दे रहे दूसरे जिले को :** कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीवान और वरिष्ठ कांग्रेस नेता रजनू नेताम ने कहा की जिले मे भरपूर बिजली मिले इसलिए नेलवाड़ 332 केवी सब स्टेशन के निर्माण के समय ग्रामीणों के विरोध के बावजूद 15 एकड़ ज़मीन की व्यवस्था कर प्रशासन को उपलब्ध कराया। आज जिले की बिजली अन्य जिले कोंडागांव को दी जा रही है। यह जिले का दुर्भाग्य है। विधानसभा क्षेत्र से विधायक व मंत्री केदार कश्यप पर भी कांग्रेसियों ने जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा मंत्री को इस क्षेत्र की जनता से कोई लेना देना नहीं। इनके क्षेत्र का बिजली अन्य जिलों को भेजी जा रही है, पर वे कुछ नहीं बोल पा रहे। सालों से नेशनल हाइवे रोड का निर्माण हो रहा है किन्तु मंत्री और भाजपा नेता नारायणपुर- कोंडागांव रोड का आज तक यात्री बस का परिचालन करवा नहीं सके।

### योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को तय समय में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

# सुशासन तिहार और बस्तर मुन्ने शिविरों के आवेदनों का करें त्वरित निराकरण: नूपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को ग्राम सोड़मा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होने से पूर्व जिला कार्यालय में समय–सीमा की बैठक लेकर केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं और विभागीय कार्यो्र की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आमजनों की समस्याओं के समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सुशासन तिहार एवं बस्तर मुन्ने शिविरों में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग गंभीरता के साथ आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों तक शासन की योजनाओं का लाभ हर हाल में पहुंचाया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत किया जाए ताकि आम नागरिकों को समय पर राहत मिल सके। बैठक में कलेक्टर ने ई–ऑफिस प्रणाली के प्रभावी संचालन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभागों में फाइलों और पत्रचार का संचालन ऑनलाइन माध्यम से किया जाए, जिससे कार्यों में पारदर्शिता और तेजी सुनिश्चित हो सके।

कलेक्टर ने कृषि विभाग से खाद की उपलब्धता और वितरण की जानकारी लेते हुए एग्रीस्टैक पंजीयन अभियान में तेजी लाने को कहा। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से सभी पात्र किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसानों को समय पर खाद और बीज उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम अश्वन पुसाम सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



#### स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की भी हुई समीक्षा

बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए आयुष्मान कार्ड निर्माण, संस्थागत प्रसव, सिकलसेल स्क्रीनिंग, टीकाकरण और टीबी जांच की प्रगति की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने निर्माणाधीन आइसोलेशन वार्ड के कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित एजेंसी को दिए।

#### धान उठाव, राशन वितरण और जल जीवन मिशन विभाग से ली जानकारी

बैठक में राजस्व प्रकरणों के निराकरण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण, धान उठाव, लखपति दीदी योजना और जल जीवन मिशन सहित अन्य विकास योजनाओं की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## सुशासन शिविर से गायब 7 अफसरों को एसडीएम ने दिया कारण बताओ नोटिस

**केशकाल।** सुशासन तिहार 2026 के तहत आयोजित कलेक्टर जनसमस्या निवारण शिविर में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। केशकाल एसडीएम ने विभिन्न विभागों के सात अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मामला 25 मई 2026 को ग्राम पंचायत लिहागांव में आयोजित कलेक्टर शिविर से जुड़ा है। शासन के निर्देशानुसार शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई थी, ताकि ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जा सके और योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाया जा सके। इसके बावजूद कई अधिकारी बिना पूर्व सूचना के शिविर से अनुपस्थित पाए गए। प्रशासन ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एसडीएम कार्यालय द्वारा जारी नोटिस में पशु चिकित्सा विभाग, वन विभाग, खाद्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग और मत्स्य विभाग सहित कुल सात अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

नोटिस में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि अधिकारियों की अनुपस्थिति सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत पाई गई है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद विभागीय अमले में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

#### इन अधिकारियों को जारी हुआ नोटिस-

अनुराग भारती खण्ड चिकित्सा अधिकारी बड़ेराजपुर, शुभम पाण्डे वन परिक्षेत्र अधिकारी बड़ेराजपुर, मीनेश वर्मा खाद्य निरीक्षक बड़ेराजपुर, जे एम.एस. सेमरा उप अभियंता लोक निर्माण विभाग बड़ेराजपुर, नितेश राज खोब्रागड़े सहायक अभियंता जल संसाधन विभाग, तनुज गिलहरे सहायक अभियंता विद्युत विभाग बड़ेराजपुर, अस्तिमा सिन्हा मत्स्य निरीक्षक बड़ेराजपुर।

### ओपन जिम बदहाल देखरेख के अभाव में लाखों की मशीनें हो रहीं कबाड़



**फरसगांव।** नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में लोगों की सुविधा और युवाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लगाए गए ओपन जिम अब बदहाली का शिकार हो गए हैं। पार्षद निधि से लाखों रुपये की लागत से लगाए गए जिम उपकरण रखरखाव के अभाव में धीरे-धीरे कबाड़ में तब्दील होते जा रहे हैं।

वार्ड क्रमांक 05, 06 और 07 में स्थापित ओपन जिम की स्थिति काफी खराब हो चुकी है। कई उपकरण टूटकर जमीन पर पड़े हैं, जबकि कई मशीनों में जंग लग चुकी है। वार्ड क्रमांक 07 स्थित ओपन जिम परिसर में कचरे का अंबार और उगी झाड़ियां नगर पंचायत के स्वच्छता दावों की पोल खोल रही हैं। गंदगी और खराब व्यवस्था के कारण लोग जिम का उपयोग करने से बच रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत द्वारा इन जिमों की नियमित देखरेख नहीं की जा रही है। कई उपकरण उपयोग लायक नहीं बचे हैं, जिससे हादसे की आशंका भी बनी हुई है। वार्डवासियों का कहना है कि चुनाव के दौरान विकास और सुविधाओं के बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन अब जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। नागरिकों ने नगर पंचायत प्रशासन से जल्द मरम्मत, साफ-सफाई और नियमित रखरखाव की मांग की है।

#### व्यवस्थित कराएंगे: सीएमओ

वहीं नगर पंचायत सीएमओ मयंक बसन्तवानी ने कहा कि ओपन जिम उनकी पदस्थापना से पहले लगाए गए थे। सोशल मीडिया के माध्यम से जिम परिसर में गंदगी और झाड़ियों की जानकारी मिलने के बाद स्वच्छता टीम को तत्काल साफ-सफाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि दो-तीन दिनों में सफाई कार्य पूरा कर लिया जाएगा। जिन वार्डों में जिम उपकरण अनुपयोगी पड़े हैं, उन्हें भी व्यवस्थित किया जाएगा ताकि बच्चे और युवा दोबारा उनका उपयोग कर सकें।

## सोड़मा में जिला स्तरीय सुशासन शिविर हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

**फरसगांव।** विकासखंड के ग्राम सोड़मा में मंगलवार को जिला स्तरीय सुशासन तिहार एवं बस्तर मुन्ने शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने कहा कि अब ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं, गांव में ही समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम अश्वन पुसाम, जनपद पंचायत सीईओ रूपेंद्र नेताम, तहसीलदार जय कुमार नाग , वन विभाग के एसडीओ एन के सिन्हा, रेंजर आर एस यादव सहित जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को खाद, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, सोलर पंप, किसान क्रेडिट कार्ड, श्रम कार्ड, जाति प्रमाण पत्र सहित कई सामग्रियों का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम भी आयोजित किया।



## जिलास्तरीय समर कैंप 2026 का समापन, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**कोण्डागांव।** शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित समर कैंप 2026 का रंगारंग समापन आदिवासी विश्राम गृह में प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। 1 मई से 25 मई तक चले इस समर कैंप में जिलेभर के 260 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

समर कैंप का आयोजन बंधा तालाब स्थित पार्क एवं आदिवासी विश्राम गृह परिसर में किया गया, जहां बच्चों को विभिन्न रचनात्मक और सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में चित्रकला, टेराकोटा कला, मेहंदी कला, गायन, वादन, शास्त्रीय नृत्य, जुम्बा डांस, कबाड़ से जुगाड़ और वैदिक गणित जैसी विधाओं को शामिल किया गया। शिविर में जिले के प्रतिष्ठित कलाकारों एवं प्रशिक्षकों ने बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान किया। चित्रकला में खेम वैष्णव, टेराकोटा कला में बुसचंद चक्रधारी, शास्त्रीय नृत्य में श्रीमती काजल अंसारी, मेहंदी कला में शिमायला हसन एवं सना खान, कबाड़ से जुगाड़ में अंकित गुप्ता, तबला वादन में कमल चौहान, गायन में जयकिशन मार्कण्डेय, जुम्बा डांस में बृजेश पवार तथा वैदिक गणित में नारायण सिंह साहू ने बच्चों को प्रशिक्षण दिया। समापन समारोह में बच्चों द्वारा प्रस्तुत गायन, वादन, शास्त्रीय नृत्य, जुम्बा डांस एवं कला प्रदर्शनी ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। चित्रकला, टेराकोटा, मेहंदी और कबाड़ से जुगाड़ की प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रही।



#### प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार वितरित

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र वितरित किए गए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में अभिभावकों और नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भव्य बना दिया।

#### कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया बच्चों का उत्साह

समापन समारोह की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने की। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास और रचनात्मक क्षमता को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### महंगाई, बेरोजगारी और डीजल–पेट्रोल संकट को लेकर सरकार पर साधा निशाना

# सीपीआई ने 6 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया सीपीआई जिला परिषद द्वारा मंगलवार को विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर महामहिम राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय में सौंपा गया। ज्ञापन में महंगाई, डीजल–पेट्रोल की बढ़ती कीमतों, ईंधन संकट, बेरोजगारी और पंचायतों को विकास राशि उपलब्ध कराने जैसी प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग की गई। सीपीआई नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो पार्टी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी।

सीपीआई नेताओं ने कहा कि डीजल–पेट्रोल और एलपीजी की लगातार बढ़ती कीमतों से आम जनता, किसान और मजदूर गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं। विशेष रूप से डीजल की कमी और बढ़ती कीमतों के कारण खेती–किसानी का खर्च लगातार बढ़ रहा है, जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पार्टी ने बस्तर संभाग की खनिज संपदा से प्राप्त राजस्व का उपयोग स्थानीय युवाओं को रोजगार देने में किए जाने की मांग की। ज्ञापन में पार्टी नेताओं ने कहा कि पंचायतों को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं कराई जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य ठप पड़े हैं और इसका सीधा असर ग्रामीण जनता पर पड़ रहा है। सीपीआई ने ज्ञापन के माध्यम से सरकार के समक्ष छह प्रमुख मांगें रखीं डीजल–पेट्रोल और एलपीजी की कीमतों पर नियंत्रण कर ईंधन संकट दूर किया जाए। बस्तर संभाग की खनिज संपदा से स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार दिया जाए। पंचायतों को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जाए। बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। किसानों को खेती के लिए आवश्यकता अनुसार डीजल–पेट्रोल उपलब्ध कराया जाए।



**इनकी रही उपस्थिति** – ज्ञापन सौंपने के दौरान सीपीआई बस्तर संभाग संयोजक एवं राज्य सचिव मंडल सदस्य तिलक पांडे, जिला सचिव शैलेष, सह सचिव दिनेश, जयप्रकाश, बिसम्बर, दुबेश, रामचंद, मानसिंग, सोमनाथ सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेज 14 के शेष

### नौतपा का असर: शहर में पारा...

इंडेक्स को देखते हुए नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

**डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक का खतरा ज्यादा :** जिला अस्पताल के डॉक्टरों के मुताबिक, इस मौसम में डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक का खतरा सबसे ज्यादा होता है। उन्होंने लोगों से पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, ओआरएस घोल का उपयोग करने और दोपहर के समय सीधे धूप के संपर्क में आने से बचने की अपील की है।

### सट्टा-पट्टी के साथ एक...

ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

**इनकी रही अहम भूमिका :** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू एवं सायबर सेल उप निरीक्षक राम विलास नेगी, उनि. रामकुमार जैन, सउनि. रामजी कुवंर, सोहन ठाकुर, आरक्षक बेलाल नाग, मिथलेश, महिला प्रधान आरक्षक रच्चो मरकाम एवं थाना बचेली एवं सायबर टीम की अहम भूमिका रही।

### बारिश से पूर्व शुरू होगा...

लेकर बस्तर में भी स्मार्ट ड्राइवर मिलेंगे।

**केन्द्र की शुरूआत शीघ्र :** संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि परिवहन विभाग के मुख्यालय से कुरंदी में क्षेत्रीय ड्राइविंग प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया गया है, जिसकी शुरूआत बारिश से पूर्व ही किया जाएगा। इस केन्द्र से विभाग को भी राहत मिलेगी।

### शिविर में निखरती है...

खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल केवल शारीरिक मजबूती का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का महत्वपूर्ण जरिया है। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे शिविर खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

खबर संक्षेप

## 4 वाहनों को कलेक्टर व सीईओ ने दिखाई हरी झंडी



**बीजापुर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत आजीविका ग्रामीण एक्सप्रेस योजना के तहत जिला कार्यालय बीजापुर में ग्रामीण आजीविका सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। कार्यक्रम के दौरान विकासखंड भैरमगढ़ के सीएलएफ को 1 वाहन तथा विकासखंड उसूर के सीएलएफ को 3 वाहन प्रदान किए गए। वाहनों को कलेक्टर विश्वदीप एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ नम्रता चौबे द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सुविधाओं को मजबूत करने के साथ-साथ महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी भूमिका निभाएगी।

## शिविर में बनाए गए लर्निंग लाइसेंस



**दंतेवाड़ा।** मुख्यमंत्री की मंशानुसार आम नागरिकों तक शासन की योजनाओं और सेवाओं का त्वरित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में आयोजित सुशासन तिहार लगातार लोगों के लिए राहत और सुविधा का माध्यम बनता जा रहा है। जनसमस्या निवारण शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में उत्साह देखा जा रहा है। इसी क्रम में आयोजित शिविर में परिवहन विभाग द्वारा ग्रामीण युवाओं को लर्निंग लाइसेंस बनाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई। आज गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत हितामेटा में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में प्रकाश कश्यप, पाकुल राम भोगामी, लक्ष्मण पटनायक, मनीराम पोडियाम सहित अन्य हितग्राहियों के लर्निंग लाइसेंस बनाए गए।

# पिलाबाई माता गुड़ी का हुआ चैत्र जतरा बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

ग्राम पंचायत घाटलोहंगा में मंगलवार को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां पिलाबाई माता, महा माई, फिरंता मां एवं परदेसीन बावड़ी माता का चैत्र जतरा बाजार श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

■ श्रद्धालुओं ने माता का आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की






इस अवसर पर आसपास के गांवों से देवी-देवताओं को आमंत्रित कर विधिवत देवता दिया गया। आयोजन में शामिल सभी देवी-देवताओं का पारंपरिक रीति-रिवाज एवं पूजा-अर्चना के साथ सम्मान किया गया। श्रद्धालुओं ने माता का आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

जतरा बाजार में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में भक्ति, संस्कृति और पारंपरिक लोक आस्था का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने बताया कि यह आयोजन वर्षों से गांव की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान बना हुआ है।

कार्यक्रम के दौरान पूजा-पाठ, देवी-देवताओं की पारंपरिक सेवा एवं ग्रामीण संस्कृति की अनूठी झलक देखने को मिली। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामवासियों एवं समिति के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर माता पुजारी अलदेव बघेल, माटी पुजारी मनीराम बघेल, वरिष्ठ सम्मानित खोगेश्वर तिवारी, मना प्रसाद तिवारी, ग्राम सरपंच दिया भद्रे, उपसरपंच यमुना तिवारी, पूर्व उपसरपंच मुनालाल यादव, वार्ड पंच यसवंत तिवारी, गुरु मंगल राम नाग, फूलसिंग बघेल, तुलसी राम ठाकुर, कोटवार नरेंद्र नाग भोला राम बागरिया, गंगा राम तिवारी सहित ग्राम एवं आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### सुशासन तिहार में शामिल हुए विधायक

# बड़े मारेंगा में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

तोकापाल ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़े मारेंगा में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम का आयोजन उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक विनायक गोयल एवं ईश्वर साहु विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आसपास की 10 ग्राम पंचायतों से बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, महिलाएं, युवा एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सुशासन तिहार के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने एवं उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई तथा मौके पर ही कई समस्याओं का निराकरण भी किया गया। विधायक विनायक गोयल एवं ईश्वर साहु ने सभी विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता एवं तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए।

■ विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोयल ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता और प्रशासन के बीच संवाद का सशक्त माध्यम है। शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं रोजगार को प्राथमिकता देते हुए लगातार कार्य किया जा रहा है। विधायक साहु ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार जनसमस्याओं के समाधान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के शिविर अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से आम लोगों की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण करने का आग्रह किया।कार्यक्रम के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। 10वीं एवं 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए निरंतर मेहनत एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों को जाति एवं निवास प्रमाण पत्र वितरित किए गए। किसानों को धान बीज एवं कृषि सहायता संबंधी सामग्री प्रदान की गई। वनाधिकार योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को वन भूमि पट्टा वितरित किया गया। मछुआरा समुदाय के लोगों को मछली पकड़ने के जाल उपलब्ध कराए गए, वहीं किसानों को आर्थिक सहायता स्वरूप चेक वितरण भी किया गया।

इसके अलावा विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित अन्य हितग्राही सामग्री का भी वितरण किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक बेहतर मंच प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पदमनी कश्यप जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, जनपद सदस्य डिकेश नाग, मण्डल अध्यक्ष सोमारू राम कश्यप एवं पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## साजा विधायक पहुंचे तीरथगढ़ जलप्रपात विनायक ने गिनाई खासियत



दरभा। प्रसिद्ध तीरथगढ़ जलप्रपात में मंगलवार कों चित्रकोट विधायक विनायक गोयल के साथ मे साजा विधायक ईश्वर साहू तीरथगढ़ जलप्रपात का मनमोहक दृश्य देखने पहुंचे थे। करीब 90 फीट की ऊंचाई से गिरता पानी और आसपास की हरियाली काफी आकर्षित कर रही है। जहां लोग पानी के फुहारों और ठंडे पानी का आनंद लेते हैं। तीरथगढ़ पहुंचे साजा विधायक से बातचीत मे उन्होंने कहा कि यहां की प्राकृतिक सुंदरता बहुत अच्छी है और परिवार के साथ समय बिताने के लिए यह बढ़िया जगह है। उन्होंने कहा कि बस्तर को लेकर पहले जो डर था, वह अब नहीं रहा और यहां आना आसान है। उन्होंने कहा कि यह जगह प्राकृतिक रूप से बहुत सुंदर है और उन्होंने यहां का भी आनंद लिया। हालांकि उन्होंने सुझाव दिया कि यहां तक पहुंचने वाली सड़क को और बेहतर किया जाए तो पर्यटक और ज्यादा आएंगे। तीरथगढ़ जलप्रपात बस्तर के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल है और धीरे-धीरे बाहर के पर्यटकों के बीच भी लोकप्रिय होता जा रहा है। बड़ी संख्या में लोग यहां पिकनिक मनाने, घूमने और प्रकृति के बीच समय बिताने पहुंच रहे हैं। विधायक के साथ दरभा जनपद अध्यक्ष मानकदई कश्यप,जनपद उपाध्यक्ष पीडी हरीश, अनंत कश्यप, धर्मेन्द्र ठाकुर मुन्नू सिंह, बाबुल नाग, सत्यम झा सुरेश गुप्ता एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## कलेक्टर ने आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के दिए निर्देश



**बीजापुर।** कलेक्टर विश्वदीप ने मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित समाधान शिविरों में प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण और समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जिला स्तर पर निराकृत किए जा सकने वाले प्रकरणों का तत्काल समाधान किया जाए तथा राज्य स्तर से संबंधित प्रकरणों को बिना विलंब प्रेषित करते हुए आवेदकों को उनके आवेदन की वर्तमान स्थिति और निराकरण की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। बैठक में जिला विपणन अधिकारी से धान उठाव की स्थिति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने मिलर्स से समन्वय स्थापित कर शत-प्रतिशत धान उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं राजस्व अधिकारियों को लंबित राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण करते हुए समय-सीमा के बाहर एक भी प्रकरण लंबित नहीं रखने के सख्त निर्देश दिए गए। नगरीय निकायों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नए हितग्राहियों का चयन कर शीघ्र डीपीआर भेजने के निर्देश दिए गए।

## मानसून से पहले प्रशासन अलर्ट

**बीजापुर।** आगामी मानसून एवं संभावित प्राकृतिक आपदाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्टर विश्वदीप की अध्यक्षता में मंगलवार को इन्द्रावती सभाकक्ष में आयोजित आपदा प्रबंधन समीक्षा बैठक में जिलेभर में मानसून पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर मुकेश देवांगन ने सभी तहसीलों में वर्षा मापी यंत्रों के नियमित संधारण एवं संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से कहा कि चिन्हित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दवाइयों, खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की पर्याप्त उपलब्धता पहले से सुनिश्चित की जाए ताकि आपदा की स्थिति में तत्काल राहत पहुंचाई जा सके।

# सम्मान के साथ शिक्षिका की विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

विकासखंड शिक्षा कार्यालय दंतेवाड़ा में आज विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जहां शिक्षा विभाग ने 33 वर्षों तक निष्ठा और समर्पण के साथ सेवाएं देने वाली शिक्षिका ऊषा विश्वकर्मा का सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान पूरे माहौल में भावनात्मक पल देखने को मिले, जब उनके लंबे शिक्षकीय योगदान को याद करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

जिला शिक्षा अधिकारी मोद ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित इस सम्मान समारोह में विकासखंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार गुप्ता ने ऊषा विश्वकर्मा को पेंशन भुगतान आदेश प्रदान किया तथा साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया और हजारों विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऊषा विश्वकर्मा ने अपने 33 वर्षों के सेवाकाल में सदैव विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने, अनुशासन एवं संस्कारों के प्रति प्रेरित करने का कार्य किया। उनकी कार्यशैली, सरल व्यवहार और शिक्षा के प्रति समर्पण को शिक्षा विभाग लंबे समय तक याद रखेगा। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि उनका योगदान शिक्षा विभाग के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए अनुकरणीय रहेगा।



# सुशासन तिहार में हितामेटा बना जनसेवा का केंद्र, योजनाओं का मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के गीदम विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हितामेटा में आयोजित सुशासन तिहार के जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों की भारी सहभागिता देखने को मिली। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा आमजनों की समस्याएं सुनकर त्वरित निराकरण की प्रक्रिया अपनाई गई तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मौके पर ही प्रदान किया गया। शिविर में कुल 359 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें अनेक आवेदनों का तत्काल निराकरण भी किया गया।

■ युवोदय टीम के नुक्कड़ नाटक ने जगाई स्वच्छता की अलख, 359 आवेदन मिले

शिविर के दौरान युवोदय टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। कलाकारों ने स्वच्छता, साफ-सफाई, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया। नुक्कड़ प्रस्तुति के माध्यम से खुले में कचरा न फैलाने, स्वच्छ पेयजल के उपयोग तथा ग्राम स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया। ग्रामीणों ने युवाओं की प्रस्तुति की सराहना करते हुए स्वच्छ ग्राम निर्माण में सहयोग देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। वहीं मछली पालन विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना अंतर्गत चयनित दो मत्स्य कृषकों को मत्स्य आखेट हेतु एक-एक मछली जाल एवं आइस बॉक्स प्रदान किया गया। इससे ग्रामीण मत्स्य पालकों को आजीविका संवर्धन में सहायता मिलेगी। जन चौपाल को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित कर अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीणों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ बलराम ध्रुव, जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# सबरी नदी घाट बदहाल, भड़के किसान मजदूर महासंघ के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दोरनापाल

राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण प्रकाश सिंह चौहान ने सुकमा स्थित सबरी नदी घाट की बदहाल स्थिति को लेकर नगर पालिका प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि जिस घाट पर रोजाना आम गरीब नागरिक, मजदूर और ग्रामीण परिवार स्नान करने पहुंचते हैं, वहां भारी गंदगी पसरी हुई है, लेकिन जिम्मेदार विभाग पूरी तरह आंख मूंदे बैठा है।

■ गरीब जनता को गंदगी में नहाने के लिए मजबूर कर रही नगर पालिका

उन्होंने कहा कि जिन लोगों के पास निजी सुविधा या सुरक्षित स्नान स्थल नहीं हैं, वे मजबूरी में इसी घाट का उपयोग करते हैं। घाट पर फैली गंदगी, कचरा और अस्वच्छ माहौल लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन चुका है। इसके बावजूद नगर पालिका द्वारा साफ-सफाई और व्यवस्था सुधारने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

कृष्ण प्रकाश सिंह चौहान ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर आम जनता की सेहत और सुविधा की जिम्मेदारी कौन लेगा? प्रशासन की लापरवाही के कारण लोगों को गंदे पानी और अस्वच्छ वातावरण में नहाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे बीमारी फैलने का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द घाट की सफाई, नियमित देखरेख और आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था नहीं की गई, तो राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जनता के साथ मिलकर आंदोलन करने को मजबूर होगा।

स्थानीय नागरिकों ने भी घाट की सफाई और नियमित निगरानी की मांग करते हुए कहा कि सबरी नदी घाट आस्था और दैनिक उपयोग का प्रमुख स्थल है, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के चलते इसकी हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है।

# खेल, कला और संस्कृति में नौनिहालों का दिखा हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक शिविर का समापन रंगारंग प्रस्तुतियों और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच संपन्न हुआ। समापन समारोह में बच्चों की अद्भुत प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता ने सभी अतिथियों और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

■ बीजापुर में प्रतिभाओं की अपार संभावनाएं, जरूरत मंच और अवसर की

कार्यक्रम में उपस्थित सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि बीजापुर जिले के बच्चों में प्रतिभा और क्षमता की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल उन्हें उचित मंच, मार्गदर्शन और अवसर प्रदान करने की है। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान बच्चों ने जिस लगन और उत्साह के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा समापन अवसर पर शानदार प्रस्तुतियां दीं, वह अत्यंत प्रेरणादायक और सराहनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास और मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें अपनी रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। साथ ही उन्होंने शिक्षा विभाग, ट्राइबल विभाग और खेल विभाग की टीमों द्वारा किए गए समर्पित प्रयासों की भी प्रशंसा की।






11 मई से 25 मई तक आयोजित इस ग्रीष्मकालीन शिविर में खेल गतिविधियों के अंतर्गत फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, सॉफ्टबॉल, तीरंदाजी, स्वीमिंग और एथलेटिक्स का आवासीय प्रशिक्षण बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी के प्रशिक्षकों द्वारा लगभग 300 बच्चों को प्रदान किया गया। वहीं सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के अंतर्गत म्यूजिक, डांस, आर्ट, क्राफ्ट और पेंटिंग का प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में स्थानीय प्रशिक्षकों के माध्यम से 300 बच्चों को दिया गया। समापन समारोह में प्रतिभागियों द्वारा तैयार की गई पेंटिंग्स, सॉफ्ट टॉयज, मांडला आर्ट एवं अन्य कलाकृतियों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसे अतिथियों और दर्शकों ने खूब सराहा। इसके साथ ही म्यूजिक, डांस और खेल प्रतिभागियों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने समारोह को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष भुवन सिंह चौहान, एसडीएम जागेश्वर कौशल, डिप्टी कलेक्टर उत्तम पंचारी, डीईओ लखन लाल धनेलिया, सहायक आयुक्त देवेंद्र सिंह पाटले सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं दर्शक उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2025-26
तोकापाल दिनांक 22/05/2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक वासुदेव नागेश पिता पाकलू नागेश जाति धुरवा निवासी ग्राम तोकापाल तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने सास सुबाय नाग पति झितरू नाग मृत्यु तिथि 20/10/2011 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत बुंरूगपाल के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के संबंध में किसी व्यक्ति/ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो वह न्यायालय की पेशी तिथि 06/06/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। पेशी पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 22/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 06/06/2026

मुहर

तहसीलदार
तोकापाल



## खबर संक्षेप

### सेवा सेतु से घर बैठे मिल रहीं 441 से अधिक लोक सेवाएं

**जगदलपुर।** सेवा सेतु पोर्टल अब बस्तर जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के लिए वरदान साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शुरू की गई इस डिजिटल पहल के तहत लोक सेवा केंद्रों को अब उन्नत कर सेवा सेतु केंद्र के रूप में तब्दील कर दिया गया है। बीते 18 मई को शुभारंभ होने के बाद वर्तमान में बस्तर जिले के 96 स्थानों पर ये सेवा सेतु केंद्र पूरी तरह से काम कर रहे हैं। इस महत्वपूर्ण प्रशासनिक और तकनीकी सुधार के बाद अब बस्तरवासियों को अपने छोटे-बड़े प्रमाण-पत्रों और अन्य कार्यों के लिए काफी सहूलियत मिल रही है, जिससे उनके समय, श्रम और धन की बचत हो रही है। पूर्व में संचालित ई-डिस्ट्रिक्ट प्लेटफॉर्म पर केवल 86 सेवाएं ही ऑनलाइन उपलब्ध थीं, लेकिन नागरिकों की दैनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शासन ने इसका उन्नत संस्करण सेवा सेतु विकसित किया है। अब इस एकल ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर 441 से अधिक शासकीय सेवाओं को जोड़ दिया गया है, जिसमें 54 नई सेवाओं को शामिल करने के साथ-साथ विभिन्न विभागों की 329 री-डायरेक्ट सेवाओं का भी सफल एकीकरण किया गया है।

### कलेक्टर ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

**बीजापुर।** मॉर्निंग क्रिकेट स्टार क्लब द्वारा आयोजित बीजापुर प्रीमियर लीग सीजन-1 के फाइनल मुकाबले में जिले के कलेक्टर विश्वदीप ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए जिले में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने की बात कही। मिनी स्टेडियम में आयोजित इस रोमांचक मुकाबले ने खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। 15 मई से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में जिले की कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया था। शानदार प्रदर्शन करते हुए मास्टर ब्लास्टर और किंग्स इलेवन की टीम फाइनल में पहुंची। फाइनल मुकाबले के दौरान कलेक्टर विश्वदीप स्वयं मिनी स्टेडियम पहुंचे और दोनों टीमों के बीच टॉस कराया।

# कभी बूंद-बूंद को तरसता था मरकापाल, अब जल संरक्षण की लिख रहा नई इबारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर


जिले के विकासखंड तोकापाल के ग्राम पंचायत घाटधनोरा के आश्रित ग्राम मरकापाल में ग्रामीणों के भीतर उपजी जल संरक्षण की अनूठी भावना और ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की सहभागिता से पानी को सहेजने सहित स्वच्छता एवं साफ-सफाई की एक नई इबारत लिखी जा रही है। साथ ही महिला जलवाहिनी की महिलाएं गांव में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता निर्मित कर रहीं हैं। कभी पानी की बूंद-बूंद के लिए तरसने वाले इस छोटे से गांव में समिति के कुशल प्रबंधन के चलते न केवल घर-घर पेयजल पहुंच रहा है, बल्कि पानी को सहेजने और उसकी बर्बादी रोकने के लिए एक सामूहिक अभियान भी चल पड़ा है। केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना ने लगभग 220 की आबादी वाले इस गांव की उस पुरानी तस्वीर को पूरी तरह बदल दिया है, जहां हर मौसम में पानी का इंतजाम करना एक बड़ी चुनौती था। ग्रामीणों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे समय और ऊर्जा दोनों की भारी बर्बादी होती थी। प्रत्येक मौसम में दूर से जल भरकर लाना बेहद कठिन एवं थकान भरा कार्य था।

गांव की ही एक हितग्राही हीरामनी अपने पुराने दिनों को याद करते हुए भावुक होकर कहती हैं कि पहले बोरिंग से पानी भरकर लाना थका देने वाला काम था, किन्तु जल जीवन मिशन के तहत मरकापाल को पूरी तरह से जलापूर्ति से जोड़ने के लिए गांव में चार हैंडपंपों के साथ-साथ एक पृथक जल स्त्रोत विकसित कर 10 हजार लीटर क्षमता की टंकी से मोटर पंप के जरिए जलापूर्ति किया जा रहा है। इसके साथ ही बिछाई गई पाईप लाईन ने पूरे गांव को एक सूत्र में पिरो दिया है। इसी पाईप लाईन के मजबूत नेटवर्क के माध्यम से अब ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की निगरानी में सभी घरों की दहलीज तक समय-समय पर और सुचारू रूप से पेयजल पहुंच रहा है।

## ग्रामीणों ने पेश की जल संरक्षण और स्वच्छता की अनूठी मिसाल

### जताया सरकार का आभार

इस पूरी व्यवस्था और पाईप लाईन के जरिए होने वाली सुरक्षित आपूर्ति को धरातल पर सफल बनाए रखने में गांव के पंप ऑपरेटर सुरेश कश्यप दिन-रात जुटे रहते हैं। गांव में आए इस अभूतपूर्व तकनीकी और सामाजिक बदलाव को देखकर ग्राम पंचायत घाटधनोरा की सरपंच तुलसी बाई बघेल एवं सचिव चिंतामणी मौर्य ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने इस भगीरथ प्रयास, समिति के बेहतर प्रबंधन और ग्रामीणों के जीवन को सुगम बनाने के लिए सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया है।



### बदली जीवन स्तर की तस्वीर

इस पूरे मिशन की सबसे अहम बात यह है कि ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के प्रयासों से ग्रामीणों के भीतर जल संरक्षण की भावना गहराई से बैठ चुकी है। पानी की किल्लत झेल चुके मरकापाल के निवासी अब पानी की हर एक बूंद की कीमत समझ रहे हैं। ग्रामीण अब जल प्रदाय योजना से मिलने वाले पानी का बेहद समझदारी से उपयोग कर रहे हैं, सोख्ता गड्ढों का निर्माण कर रहे हैं और पानी को व्यर्थ न बहाने का संकल्प ले चुके हैं। इस प्रकार जल जीवन मिशन और स्वच्छता समिति की जुगलबंदी ने मरकापाल में सिर्फ पानी का कनेक्शन ही नहीं जोड़ा है, बल्कि जल सहेजने की नई सोच के साथ ग्रामीणों के जीवन स्तर को हमेशा के लिए बदल दिया है।

## सीएमएचओ ने किया बस्तर-लोहंडीगुड़ा के स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण

# मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान को गति देने मैदान में उतरे आला अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिले के दूरस्थ और ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने तथा राष्ट्रीय कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय

- टीबी, मलेरिया नियंत्रण और मातृ सुरक्षा पर विशेष जोर

बसाक एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने जमीनी स्तर पर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया और मैदानी अमले को पूरी निष्ठा के साथ शत-प्रतिशत कार्य करने की हिदायत दी।

स्वास्थ्य विभाग की इस टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों का सघन भ्रमण करते हुए बस्तर विकासखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र बालेंगा से अपने निरीक्षण की शुरुआत की। इसके पश्चात टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंडागांव, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रोतमा, उप स्वास्थ्य केंद्र भैंसगांव और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र घोटिया का बारीकी से निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं को परखा। इसके साथ ही अधिकारियों की टीम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहंडीगुड़ा पहुंची और वहां की आपातकालीन व नियमित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।



निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री ने राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय स्वास्थ्य योजनाओं की बिंदुवार प्रगति की गहन समीक्षा की। अधिकारियों ने राष्ट्रीय टीबी नियंत्रण कार्यक्रम और राष्ट्रीय मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए गर्भवती व शिशुवती महिलाओं की समय पर जांच और उचित देखभाल हेतु निर्देश दिए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीणों को इसके लाभ के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। कैंसर से बचाव के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एचपीवी वैक्सीन से लाभान्वित हो चुकी किशोरियों के फॉलोअप की जानकारी लेते हुए अधिकारियों ने नई किशोरियों को लाभांवित करने के लिए उनके माता-पिता की काउंसलिंग करने और उन्हें जागरूक करने के व्यावहारिक तरीके भी समझाने कहा।

### यूविन पोर्टल पर जोर

टीकाकरण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री ने सभी रूरल हेल्थ ऑर्गनाइजर्स को यूविन पोर्टल पर शत-प्रतिशत प्रविष्टि सुनिश्चित करने और रिप्रोडक्टिव एंड चाइल्ड हेल्थ एंट्री को समय पर अपडेट करने की बात कही। इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत कोल्ड चैन हैंडलर्स को वैक्सीन के सही रखरखाव और वैक्सीन वायल मॉनिटर की बारीकियों के बारे में विस्तार से समझाया गया, ताकि टीकों की प्रभावशीलता और गुणवत्ता हर हाल में बनी रहे। इस औचक निरीक्षण के दौरान सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ग्रामीण स्वास्थ्य सहायक, स्टाफ नर्स और लैब टेक्नीशियन मौजुद पाए गए। वहीं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में भी ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं दे रहे थे।

## बस चालक निकला नशे का सौदागर 95 हजार की अफीम संग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। लगातार तीसरे दिन नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो

- कोतवाली पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी

महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

नशे के खिलाफ कार्रवाई करने एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमित कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में थाना स्तर पर विशेष टीम का गठन किया गया था।

टीम को सूचना मिली थी कि एक आदमी अफीम बिक्री करने ग्राहक के इंतजार में गोयल बाड़ी तिराहा रायपुर मुख्य मार्ग के पास खड़ा है। सूचना पर मौके पर पहुंची टीम द्वारा घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अपना नाम हरदीप सिंग 63 साल निवासी खुसीपार भिलाई जिला दुर्ग का रहने वाला बताया। उसने बताया कि वह बस में ड्रायवरी का काम करता है उसके कब्जे से प्रतिबंधित मादक पदार्थ अफीम 167.2 ग्राम कीमत 95 रूपए बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 18 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विशेष न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

एक अन्य कार्रवाई में कोतवाली पुलिस ने डोंगाघाट की एक महिला को गिरफ्तार किया है जो सूखे नशे गांजा बेचने ग्राहक का इंतजार कर रही थी। कोतवाली पुलिस टीम द्वारा महिला को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम सोनी नाग 40 वर्ष निवासी डोंगाघाट बीजाभाटा पारा की रहने वाली बताया। उसके कब्जे से प्रतिबंधित मादक पदार्थ गांजा आरोपीया के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा 617 ग्राम के अलावा नगद 1250 रूपए जब्त किया गया। जब्त गांजा की अनुमानित कीमत 30 हजार रूपए आंका गया है।

### इनकी रही अहम भूमिका

दोनों कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, प्रमोद ठाकुर, एएसआई प्रमोद सिन्हा, बिजेंदर सिंग, प्रधान आरक्षक विनोद चांदने, आरक्षक महेंद्र पटेल, वरुण बघेल, सोमालु, तोमन बघेल, बंसी मौर्य व हरीश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शासकीय सेवा से निवृत्ति केवल एक औपचारिक पड़ाव : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जीवन का साढ़े 36 साल महत्वपूर्ण समय लोक सेवा और जनहित के कार्यों में व्यतीत किया है, जिसके लिए प्रशासन, गृह निर्माण मंडल और जनता सदैव ऋणी रहेंगे। शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त केवल एक औपचारिक पड़ाव है, पर नई पारी में समाज के उत्थान और लोगों के कल्याण करेंगे। उक्त बातें छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल जगदलपुर प्रक्षेत्र के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने सेवानिवृत्ति समारोह में कही। गृह निर्माण मंडल जगदलपुर प्रक्षेत्र की ओर से श्री वर्मा के सेवानिवृत्ति पर कार्यालय में ही समारोह आयोजित किया। मंडल के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेकेदारों ने सेवानिवृत्त श्री वर्मा को प्रतीक चिन्ह, शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया। सभी ने कहा कि आपके पास जो अनुभव, कौशल और ज्ञान का भंडार है, उसकी





आवश्यकता अब भी समाज को है। मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संवेदनशीलता और त्वरित कार्यप्रणाली की सेवानिवृत्त अपर आयुक्त श्री वर्मा की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। कार्यक्रम में मंडल के उप आयुक्त जीपी प्रजापति, कार्यपालन अभियंता नरेन्द्र चंद्राकर, केके कश्यप, इंजीनियर केयुर वैद्य, लेखाधिकारी सेफाली आदि अधिकारी, कर्मचारी, ठेकेदार शंकरलाल गुप्ता सहित शामिल रहे।

### कार्यालय में उप आयुक्त बैठेंगे

गृह निर्माण मंडल जगदलपुर प्रक्षेत्र को मुख्यालय ने हटाकर वृत्त कार्यालय बना दिया। वर्ष 2024 में यह प्रक्षेत्र कार्यालय बना था, जहां पहले अपर आयुक्त एसके भगत 15 मार्च 2024 से 28 मार्च 2025 और दूसरे अपर आयुक्त एचके वर्मा 28 मार्च 2025 से अब तक रहे, अब इस कार्यालय में उप आयुक्त बैठेंगे।

# एक-एक वोट के लिए घर घर पहुंच रहे नेता, कार्यकर्ता

सुरेश रावल ▶▶| जगदलपुर

भाजपा और कांग्रेस के लिए इंदिरा वार्ड का उपचुनाव प्रतिष्ठा के साथ साथ भावी राजनीति के लिए भी दोनों दल के अनेक नेताओं के लिए चुनौती बन गया है। नगर सत्ता में आने के बाद भाजपा की कोशिश है कि लगातार 5 चुनाव में हार के बाद इस बार कांग्रेस से सीट

- इंदिरा वार्ड बना हाईप्रोफाइल, भाजपा कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर
- महापौर और पूर्व महापौर ने संभाला मोर्चा

छिनी जाए। वहीं कांग्रेस पहली बार पूर्व पार्षद रशीद खान के बिना चुनाव मैदान में है। हालांकि उनका परिवार कांग्रेस के साथ प्रचार में लगा हुआ है। यहां रशीद ने भाजपा को बार बार पटकनी देकर अपनी पार्टी के साथ साथ खुद का वर्चस्व भी लंबे समय तक बना लिया था। अब कांग्रेस रशीद के कटआउट और पोस्टर को चुनाव में उपयोग करते फिर जीतने की मुहिम में जुट गई है। वहीं भाजपा को नगर सत्ता में होने का भरोसा दिख रहा है। बहरहाल भाजपा और कांग्रेस एक एक वोट के लिए घर घर पहुंचकर समर्थन हासिल करने के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। दोनों दल के नेता और कार्यकर्ता कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी रामकृष्ण तिवारी और भाजपा प्रत्याशी मनोहर तिवारी के बीच मुख्य मुकाबला दिखाई पड़ रहा है। रामकृष्ण के लिए यह पहला चुनाव है लेकिन मनोहर तिवारी पहले भी चुनाव लड़कर पार्षद नहीं बन पाए हैं। इस तरह दोनों ब्राम्हण बंधु आमने सामने के मुकाबले में पार्टी के फौज के साथ दिन रात प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। दोनों ही दल के स्थानीय वरिष्ठ और युवा कार्यकर्ता प्रचार में लगे हैं लेकिन कोई बड़ा नेता वार्ड तक नहीं पहुंचा हैं। असल में दोनों ही दल ने महापौर संजय पांडेय और पूर्व महापौर जतीन जायसवाल पर भरोसा कर उनके जिम्मे जीतने का दायित्व सौंपा है। इसलिए संजय और जतीन अपने भरोसेमंद सहयोगियों के साथ घर घर दस्तक देकर एक एक मतदाताओं का समर्थन हासिल करने पूरी ताकत झोंक रहे हैं।





राजनीतिक हलचल

### 1500 वोट में 3 समाज का गणित

इंदिरा वार्ड में लगभग 1500 मतदाता हैं। सामाजिक दृष्टि से इस वार्ड में मुस्लिम, ब्राम्हण और मारवाड़ी मतदाता बहुतायत में हैं। 5 बार एक ही परिवार रशीद खान और उनकी मां कनीज फातिमा पर वार्डवासियों ने भरोसा कर लगातार जीताया। अब हालात और परिस्थितियां बदल गए हैं। ऐसे में इन 3 समाज के वोट बैंक पर किसका जादू चलेगा यह मायने रखता है। वार्डवासी खामोश हैं और मुकाबला बराबरी का दिख रहा हैं।

### कांग्रेस की तिकड़ी में रेखचंद लगे हैं

कांग्रेस के भूपेश सरकार के समय शहर की राजनीति में तिकड़ी की खूब चली। राजीव शर्मा, मिथिलेश स्वर्णकार और रेखचंद जैन 3 पावर स्टेशन थे। कांग्रेस ने रेखचंद और मिथिलेश को इंदिरा वार्ड उपचुनाव का दायित्व सौंपा हैं। वहीं राजीव शर्मा इस चुनाव से गायब हैं। मैदान में रेखचंद जैन ही दिख रहे हैं। वहीं भाजपा में महापौर समेत युवा नेता ही घर घर पहुंचकर मनोहर के लिए वोट मांग रहे हैं। 5 दिन बाद होने वाले मतदान में किस तिवारी का भाग्य खुलेगा यह 1500 मतदाताओं के वोटिंग के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

# डिब्बा में डीजल नहीं मिलने पर किसानों को परेशानी, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर आज इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति ने संयुक्त कलेक्टर अघन सिंह राणा को ज्ञापन सौंपा। खेती-किसानी से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग करते 8

- समाधान नहीं होने पर कलेक्टर कार्यालय घेराव करेंगे

दिनों का अल्टीमेटम दिया है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि समयावधि में समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप ने कहा कि वर्तमान में किसान आर्थिक संकट, खाद संकट एवं सिंचाई संबंधी समस्याओं से जूझ रहा है। खेती की लागत बढ़ती जा रही है, लेकिन किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन को किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल ठोस कदम उठाने चाहिए। किसानों ने पेट्रोल एवं डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि महंगे डीजल के कारण खेती-किसानी की लागत कई गुना बढ़ चुकी है। ट्रैक्टर, पंप, थ्रेसर एवं अन्य कृषि यंत्रों के संचालन में किसानों को आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों में किसानों को डिब्बा में डीजल नहीं दिए जाने से भी खेती प्रभावित हो रही है। किसानों ने कहा कि खेतों में सिंचाई पंप और कृषि उपकरण चलाने के लिए डीजल अत्यंत आवश्यक है, लेकिन पंप संचालकों द्वारा डिब्बा में



डीजल देने से इनकार किए जाने के कारण किसान परेशान हैं। किसानों ने प्रशासन से इस समस्या के समाधान हेतु तत्काल निर्देश जारी करने की मांग की। ज्ञापन में खाद संकट का मुद्दा भी उठाया गया। किसानों ने बताया कि सहकारी समितियों एवं खाद केंद्रों में यूरिया, डीएपी और पोटाश पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं है। इसका लाभ उठाकर निजी दुकानदार किसानों से मनमाने दाम वसूल रहे हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि कई निजी खाद विक्रेता सरकारी दर से दो से तीन गुना अधिक कीमत पर खाद बेच रहे हैं और खुलेआम कालाबाजारी कर रहे हैं। किसानों ने कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा सरकारी दर पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग की हैं।

### खाद के लिए निजी दुकानों में फिंगरप्रिंट से परेशानी

समिति के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण बघेल ने कहा कि निजी खाद दुकानों में फिंगरप्रिंट की अनिवार्य प्रक्रिया किसानों के लिए परेशानी का कारण बन चुकी है। नेटवर्क समस्या एवं तकनीकी खामियों के कारण किसानों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। विशेषकर बुजुर्ग किसानों को अत्यधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि किसानों की सुविधा को देखते हुए फिंगरप्रिंट की अनिवार्यता तत्काल समाप्त की जाए और सरल व्यवस्था लागू की जाए।

### समस्याओं की अनदेखी

बड़े चकवा उप सरपंच पूरन सिंह कश्यप ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, लेकिन लगातार किसानों की समस्याओं को नजरअंदाज किया जा रहा है। यदि किसानों को समय पर खाद, बीज, सिंचाई सुविधा एवं फसल का उचित मूल्य नहीं मिलेगा तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था पूरी तरह प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन किसानों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय केवल आश्वासन देने का कार्य कर रहा है, जिसे अब किसान बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### 8 दिनों के भीतर करें ठोस कार्रवाई

ज्ञापन की प्रतिलिपि राष्ट्रपति, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री एवं कृषि मंत्री को भी प्रेषित की गई है। जिसमें 8 दिन के भीतर ठोस कार्यवाही करने की मांग की गई है। इस दौरान लखेश्वर कश्यप, वीर सिंह बघेल, लक्ष्मण बघेल, पूरन सिंह कश्यप, मनीराम बघेल, मंधर कश्यप सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

